हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

09 नागरिकों को घर द्वार पर दे रही योजनाओं का लाभ



10 शाम को अंधेरे की आगोश में समां जाता रेलवे रोड



# पेयजल कनेक्शन पीपीपी से लिंक करवाने में शहरी लोग नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

## प्रदेश में 20वें स्थान पर जिला, शहरी क्षेत्र में 68.17 व ग्रामीण क्षेत्र में 96.62 प्रतिशत लोग करा चुके है लिंक

महेश कुमार ▶▶| महेंद्रगढ़

पेयजल कनेक्शन को परिवार पहचान पत्र लिंक कराने में शहर के लोग रूचि दिखा रहे हैं, वहीं प्रदेश अधिकांश जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के लोग पीपीपी को पेयजल कनेक्शन से लिंक करा चुके हैं। महेंद्रगढ़ जिला पेयजल कनेक्शन को परिवार पहचान पत्र से लिंक कराने में प्रदेश में 20वें स्थान पर है।

प्रदेश सरकारी अपनी सभी योजनाएं परिवार पहचान पत्र से जोड़ रही है, ताकि एक ही नंबर से सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। आधार कार्ड के साथ भी पीपीपी से लिंक कर दिया गया है। पिछले वर्ष जनस्वास्थ्य विभाग ने पेयजल कनेक्शन के साथ परिवार पहचान पत्र जोड़ने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए सक्षम युवाओं के अलावा सक्षम युवाओं डोर टू डोर भी ड्यूटी लगाई गई थी। युवाओं ने घर-घर जाकर डाटा एकत्रित किया था। पहले शहरों में पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से जोड़ने का काम किया गया था। उसके बाद गांवों की तरफ रूख किया गया था। इसके बावजूद भी शहर के लोग अपने पेयजल कनेक्शन को परिवार पहचान पत्र से लिंक कराने में गांव के लोगों से पीछे हैं।

| जिला | शहरी क्षेत्र | ग्रामीण क्षेत्र | | | | जिला | शहरी क्षेत्र | ग्रामीण क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नूंह | 100 | 99.5 | | | |
| अंबाला | 100 | 100 | पलवल | 100 | 100 | भिवानी | 96.17 | 100 |
| फतेहाबाद | 100 | 99 | पानीपत | 100 | 99.88 | पंचकुला | 92.73 | 97.11 |
| गुरुग्राम | 100 | 99.9 | सिरसा | 100 | 100 | झज्जर | 86.94 | 100 |
| हिसार | 100 | 100 | सोनीपत | 100 | 100 | कुरुक्षेत्र | 82.53 | 100 |
| जींद | 100 | 100 | यमुनानगर | 100 | 100 | महेंद्रगढ़ | 68.17 | 96.62 |
| कैथल | 100 | 100 | रोहतक | 99.91 | 100 | चरखीदादरी | 38.27 | 93.3 |
| करनाल | 100 | 100 | रेवाड़ी | 97.09 | 100 | फरीदाबाद | 00 | 99.9 |

### गांव के लोग हैं आगे

पेजयल कनेक्शनों को परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) से लिंक कराने में ग्रामीण आगे हैं। जबकि शहरी लोग पीछे चल रहे हैं। गत मई माह से जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से पेयजल कनेक्शनों को परिवार पहचान पत्र से लिंक करने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन करीब छह माह बाद भी शहरी क्षेत्र में कनेक्शनों को परिवार पहचान पत्र से लिंक करने का कार्य अधूरा है। प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में 2822868 पेयजल कनेक्शन में हैं। इनमें 2772573 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक हो चुके हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में 949357 पेयजल कनेक्शन हैं।

इनमें से 157080 कनेक्शन पीपीपी से लिंक को चुके हैं। प्रदेशभर में ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो 99.59 प्रतिशत कनेक्शन पीपीपी से लिंक हो चुके हैं। जबकि शहरी क्षेत्र में 95.94 कनेक्शन लिंक हुए हैं। जिला में पेयजल कनेक्शन पीपीपी लिंक कराने में प्रदेश में 20वें स्थान पर हैं। शहर में 68.17 लोग तथा ग्रामीण क्षेत्र 96.62 प्रतिशत लोग अपने पेयजल कनेक्शन को परिवार पहचान पत्र से लिंक करा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### बालाजी मित्र मंडल का सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्रीराम एवं श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को बलदेव सैनी के निवास स्थान कोरियावास रोड सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के प्रचार प्रमुख राकेश गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

### एसडी स्कूल खेड़ी में स्वास्थ्य कैंप 24 को

**कनीना।** एसडी शिक्षा समिति की ओर से 24 दिसंबर को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य कैंप एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना में आयोजित किया जाएगा। स्कूल चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डा. दीपक वत्स, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. अनुभूति यादव, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. कुलदीप यादव, ईएनटी विशेषज्ञ डा. विक्रांत डागर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अनंत दूबे व डा. प्रेम वर्धन की टीमें मरीजों की जांच कर दवा देंगी।

### स्टेशन पर पांच सदस्यीय परामर्श समिति मनोनित

**सतनाली मंडी।** रेलवे स्टेशन स्तर पर यात्रियों की समस्याएं एवं आवश्यकताओं को सरकार तक पहुंचाने एवं यात्रियों से सीधा संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से स्टेशन पर भी पांच सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन किया है। जिसमें सतनाली रेल संघर्ष समिति प्रधान दीवान सिंह शेखावत, योगेश शास्त्री डिगरोता, एडवोकेट सुंदरलाल गोठवाल सतनाली, सूबेदार संजय सिंह जड़वा व राजेंद्र लांबा डालनवास को शामिल किया गया है। दिवान सिंह शेखावत ने बताया कि सरकार की ओर से रेलवे स्टेशन पर जो भी विकास कार्य हो रहे है, उनकी यह समिति निगरानी करेगी, साथ ही गाड़ियों के ठहराव, यात्री सुविधाओं एवं समय सारिणी में यात्रियों की शिकायतों पर रिपोर्ट तैयार करेगी।

### कोर्ट के आदेश पर पीओ का केस दर्ज

**कनीना।** एसडीजेएम कोर्ट ने एक आरोपित को भगौड़ा घोषित किया है। कुलदीप के खिलाफ 2017 को थाने में केस दर्ज हुआ था। जिसमें पिछले समय से कोर्ट में पेशी से गैरहाजिर रहने पर कोर्ट ने पीओ घोषित किया है। कोर्ट के आदेश पर शहर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## एकमुश्त एडवांस मार्केट फीस करनी होगी जमा, फल सब्जी विक्रेताओं में रोष

# सालभर की फीस भरो, चाहे खाली रहो

एक दिसंबर को स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड ने अधिसूचना जारी कर लागू किया नियम, पहले एक-एक प्रतिशत मार्केट एचआरडीएफ शुल्क की होती थी वसूली

राजकुमार ▶▶| नारनौल

हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड पंचकूला की ओर से जारी की गई अधिसूचना अनुसार अब सब्जी एवं फल विक्रेताओं को सालाना फीस एकमुश्त एडवांस में देनी होगी। मार्केटिंग बोर्ड ने इसके अलग-अलग स्लैब बना दिए हैं तथा फीस का निर्धारण भी कर दिया है। आढ़तियों को इसी स्लैब में से मार्केट फीस चुनकर स्वैच्छिक घोषणा करनी होगी। दूसरी ओर इस नीति के विरोध में सब्जी एवं फल विक्रेता आढ़तियों में रोष पनपा हुआ है तथा वह इसे काला कानून बताते हुए इसका विरोध कर रहे हैं। इस विरोधस्वरूप 20 दिसंबर को अकेले नारनौल नहीं, बल्कि प्रदेशभर की सब्जी एवं फल मंडियां बंद रहेंगी। यदि सरकार ने आढ़तियों की मांगों को नहीं माना तो वह इसे आंदोलन का रूप भी दे सकते हैं। खास बात यह है कि एकमुश्त फीस जमा कराने की पहले मार्केटिंग बोर्ड ने 15 दिसंबर की तिथि निश्चित की हुई थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया गया है। यानि अब 15 जनवरी तक आढ़तियों को एप्लीकेशन भरकर एकमुश्त मार्केट





नारनौल। मंडी में बना मार्केट कमेटी का कार्यालय। फोटो: हरिभूमि

फीस की स्वैच्छिक घोषणा करने का मौका दिया गया है। यदि वह 15 जनवरी तक ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल प्रदेश सरकार इसे लागू करने का निर्णय ले चुकी है, जबकि आढ़ती विरोध कर रहे हैं और रार उत्पन्न हो गई है।

गत एक दिसंबर 2023 को हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड ने निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेता आढ़तियों पर मार्केट फीस एकमुश्त जमा करवाने का फरमान जारी किया था। इस फरमान के अनुसार सब्जी एवं फल आढ़तियों को स्वैच्छिक मार्केट फीस की घोषणा करनी होगी। इसके लिए आढ़तियों को बाकायदा स्लैब बनाकर दिया गया है। जो आढ़ती स्लैब की जिस कैटेगरी में खुद को सक्षम मानते हैं, वह उसी कैटेगरी को चुन सकते हैं। यह चयन करने उपरांत आढ़ती को एप्लीकेशन फार्म भरकर मार्केट कमेटी कार्यालय में जमा करवाना होगा और स्वैच्छिक घोषणानुसार पूरे एक साल की लम-सम मार्केट फीस एकमुश्त जमा करवानी होगी। जिससे आढ़तियों में रोष उत्पन्न हो गया है।

### दो कैटेगरी के लाइसेंस सालाना 70 हजार फीस

लाइसेंस के लिए के लिए आढ़तियों की दो कैटेगरी बनाई गई हैं। पहली कैटेगरी में ए व बी वर्ग रखा गया है तथा इनकी सालाना लाइसेंस फीस 70 हजार रुपये रखी गई है। यह वह आढ़ती होंगे, जो मार्केट कमेटी द्वारा बनाई गई फल एवं सब्जी मंडी के अंदर रहकर अपने माल की बिक्री करेंगे। यानि वह डीलर होंगे। दूसरी कैटेगरी में वह आढ़ती शामिल किए गए हैं, जो मंडी (क्षेत्रफल) सीमा से बाहर रहकर काम-धंधा करेंगे यानि रिटेलर के रूप में फल एवं सब्जी बेचते हैं। जैसे रेहड़ी-खोमचा वाले एवं मंडी के बाहर के अन्य फल एवं सब्जी दुकानदार। इन बाहरी आढ़तियों की सालाना लाइसेंस फीस 7300 रुपये रखी गई है। यह राशि जमा करवाकर नियमानुसार फल एवं सब्जी बिक्री का लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है।

### बनाया गया है मार्केट फीस का नया स्लैब

लाइसेंसी आढ़तियों के लिए मार्केटिंग बोर्ड ने फीस एकत्रित करने के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के लिए नया स्लैब बनाया है। इस स्लैब के अनुसार मान लिया जाए कि किसी फल एवं सब्जी विक्रेता आढ़ती सालाना 0 से 20 हजार रुपये मार्केट फीस जमा करवाता है, उस आढ़ती को इस नियम के अनुसार अब सालाना 12,500 रुपये एकमुश्त एडवांस जमा करवाना होगा।

### यह कहते हैं अधिकारी

मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड ने नया सरकुलर जारी कर दिया है और यह एक दिसंबर से लागू हो चुका है। आढ़तियों को एप्लीकेशन फार्म भरकर देना होगा और उस एप्लीकेशन को सेल्फ सर्टिफाइड करके देना होगा। पहले एप्लीकेशन फार्म जमा करवाने की तिथि 15 दिसंबर थी, जिसे बढ़ाकर अब 15 जनवरी कर दिया गया है।

### नारनौल मंडी की स्थिति

नारनौल सब्जी मंडी में कुल 88 लाइसेंसी आढ़ती हैं, जिनमें से पहली कैटेगरी के 16, दूसरी कैटेगरी के 46 तथा तीसरी कैटेगरी के 26 लाइसेंसी हैं।

### सरकार ने डाला मनमाना बोझ, आढ़ती करेंगे विरोध

प्रधान अजीत सैनी ने बताया कि सरकार/मार्केट कमेटी ने फल एवं सब्जी विक्रेताओं पर मनमाना बोझ डाल दिया है और हम सभी आढ़ती इस काले कानून का विरोध करते हैं और इस कारण 20 दिसंबर को नारनौल की फल एवं सब्जी मंडी बंद रखेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक मार्केट कमेटी फल एवं सब्जी पर एक प्रतिशत मार्केट फीस लेती रही है, जबकि एक प्रतिशत राशि एचआरडीएफ के नाम से ली जाती है। सीएम ने दोनों फीस खत्म करने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। उल्टा नए नियम थौप दिए गए हैं। नए नियमों के अनुसार लाइसेंसी आढ़तियों को अब एकमुश्त फीस जमा करवानी होगी। यह राशि एडवांस जमा की जाएगी, चाहे आढ़ती पूरे साल खाली रहे और कोई कमाई न हो। उन्होंने बताया कि इस नियम के अनुसार अब जो मार्केट फीस एकमुश्त सालाना ली जाएगी, वर्ष 2025 के बाद उसमें हर साल 10 प्रतिशत की बढ़ौतरी कर दी जाएगी। इतना ही नहीं, इस नियम के लागू होने से अफसरशाही चालू हो जाएगी। रोजाना की रिटर्न एवं स्टॉक तैयार करना पड़ेगा तथा उसकी फीस जमा कराना बड़े भारी खर्च वाला काम हो जाएगा।

जबकि फल एवं सब्जी आलू-प्याज की तरह पुराने ही होंगे। नए नियमों में मंडी के अंदर के आढ़ती एवं बाहर के आढ़ती का प्रावधान किया गया है। अंदर वाले से सालाना 70 हजार रुपये लाइसेंस के लेंगे, जबकि बाहर वाले को महज 7300 रुपये सालाना में लाइसेंस दिया जाएगा। यह भेदभाव है। क्योंकि अंदर के व्यापारियों ने दो-तीन करोड़ रुपये में दुकानें खरीदी हुई हैं, उन पर मनमानी की जा रही है। प्रधान ने कहा कि वह एक की बजाए दो प्रतिशत मार्केट फीस देने को तैयार हैं, लेकिन एकमुश्त एडवांस पैसा जमा नहीं करवाएंगे और इसका विरोध करते रहेंगे। चाहे इसके लिए लंबा आंदोलन क्यों न करना पड़े।



कनीना। अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ और एसडीम

## एसडीएम ने सीएमओ के साथ अस्पताल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

- स्वच्छता, डिलीवरी व मोर्चरी सहित व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

जिले के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. रमेश चंद्र आर्य ने सोमवार को उप नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ एसडीएम सुरेंद्र सिंह भी थे। दोनों अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण कर साफ-सफाई, दवा की उपलब्धता, एक्सरे मशीन का संचालन, मोर्चरी रूम पर फोकस किया। डिलीवरी केस अस्पताल में ही करवाए जाएंगे। अस्पताल में सफाई व व्यवस्था को दुरूस्त रखने के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए। अस्पताल के पुराने व कंडम हो चुके भवन के स्थान पर नई बिल्डिंग बनाई जाएगी व लाइट भी लगाई जाएगी। इस मौके पर डा. जितेंद्र मोरवाल, सतेंद्र यादव, डा. नेहा यादव आदि मौजूद रहे।



## 152डी पर कट की मांग को लेकर धरना जारी

**कनीना।** नारनौल-कुरुक्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 281वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता रणधीर पहलवान बागोत ने की। प्रधान अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि बढ़ती ठंड के बीच सरकार ग्रामीणों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। पिछले नौ माह चला आ रहा धरना कट का निर्माण होने तक जारी रहेगा। इस मौके पर लीलाराम, भीमसेन, नरेंद्र शास्त्री छितरोली, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, लक्ष्मण सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेदार सुखबीर सिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल मौजूद रहे।

## अंतिम दिन 399 परीक्षार्थियों ने करवाई वेरीफिकेशन



**नारनौल।** भिवानी बोर्ड की ओर से एचटेट का वेरीफिकेशन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सोमवार सायंकाल को संपन्न हो गया। दूसरे एवं अंतिम दिन 399 परीक्षार्थियों वेरीफिकेशन करवाने पहुंचे। सहायक अधीक्षक मनीष भारद्वाज ने बताया कि पहले दिन रविवार को 961 परीक्षार्थी वेरीफिकेशन करवाने पहुंचे थे। वेरीफिकेशन के तहत परीक्षार्थियों के फिंगर प्रिंट लिए गए तथा फोटो कैप्चर किए गए। आधार कार्ड भी अपडेट किए गए। परीक्षार्थियों की बायोमीट्रिक हाजिरी लगवाई हैं, ताकि उनका मिलान परीक्षा के दौरान लगाई की हाजिरी से उनका मिलान हो सके। दो व तीन दिसंबर को एचटेट लेवल-1, लेवल-2 तथा लेवल-3 की परीक्षा हुई थी।

## लड़खड़ाती बीएसएनएल ब्रॉडबैंड सेवा से उपभोक्ता परेशान, अधिकारी अनजान

**कनीना।** बीएसएनएल की लैंडलाइन ब्राडबैंड सेवा पिछले 10 दिनों से ठप पड़ी है। जिसके चलते कंप्यूटर सिस्टम इंटरनेट से डिसकनेक्ट पड़े हैं। क्षेत्र में लैंडलाइन ब्राडबैंड पिछली नौ दिसबंर से बंद पड़ा है जिसका खमियाजा ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है। इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं होने से उपभोक्ता देश-दुनिया से कटा हुआ महसूस कर रहे हैं। परेशान उपभोक्ता बीएसएनएल को छोड़कर दूसरी संचार कम्पनियों का नेट पैकेज लेने की ओर रूख कर रहे हैं। बीएसएनएल लैंडलाइन ब्राडबैंड सर्विस इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता सुनील कुमार व विनय कुमार ने बताया कि पिछले 10 दिनों से ब्राडबैंड सेवा ठप पड़ी हुई है। शिकायत दर्ज करवाने के बाद आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं मिलता।

## स्वास्थ्य पर अनाजों के प्रभाव से किया जागरूक

**मंडी अटेली।** मोटे अनाजों में गेहूं में मक्का की तुलना में अधिक पोषक तत्व ज्यादा पाए जाते हैं। कृषि तथा किसान कल्याण विभाग महेंद्रगढ़ के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ताजपुर में पोशाक अनाजों के प्रमुख स्वास्थ्य लाभ विषय पर अंतर राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य सतवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया तथा विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड डीपीई जगमाल सिंह रहे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आरएसओ राजेश यादव द्वारा किया। मोटे अनाज की महता पर प्रकाश डालते हुए कृषि विकास अधिकारी डॉ. वीर कुमार ने कहा कि पोशाक अनाजों में गेहूं व मक्का की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं। पोशाक अनाज फाइबर से भरपूर होते हैं। जो पाचन में मदद करते हैं और आंतों की समस्याओं से छुटकारा दिलाते हैं।



मोटे अनाज स्वाभाविक रूप से ग्लूटेन मुक्त होते हैं। रागी कैल्शियम के लिए उच्चतम सामग्री वाला पोषक अनाज है।

## गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेविका काजल का चयन आगामी 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बीवॉक बायोमेडिकल साइंस से काजल के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि काजल ने अपनी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है व उनके चयन से अन्य स्वयंसेवकों को भी जीवन में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

काजल गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सलामी देंगी। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने के लिए लंबी चयन परीक्षा से गुजरना होता है, जिसके तहत स्वयंसेवक को परेड, शारीरिक कौशल व सांस्कृतिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। काजल का प्री-रिपब्लिक-डे परेड कैंप 24 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मनोहर मेमोरियल कॉलेज फतेहाबाद में लिए चयन हुआ था, जिसके बाद उनका चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। काजल ने विवि में आयोजित रक्तदान शिविर व पौधरोपण जैसे बहुत सारे अभियानों में अहम भागीदारी निभाई है। प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेना हर स्वयंसेवक का सपना होता है। काजल के पिता सत्यवीर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि काजल अपनी परिवार की पहली व्यक्ति है, जिसे कर्त्तव्य पथ पर परेड करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, माता पिता, शिक्षकगणों के आशीर्वाद व साथियों के सहयोग से यह सपना साकार होने जा रहा है। हकेंवि एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, डॉ. रेणु ने काजल को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।



महेंद्रगढ़। गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन होने के बाद काजल कुलपति के साथ।

## 4.88 लाख कार्ड का था लक्ष्य, 4.10 लाख बनाकर जीता पुरस्कार

# आयुष्मान-चिरायु कार्ड बनाने में टॉप पर महेंद्रगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान भारत चिरायु प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना है। जिला महेंद्रगढ़ में इस योजना के तहत अब तक करीब चार लाख 88 हजार में से चार लाख 10 हजार कार्ड बनाए जा चुके है। करीब 85 फीसदी चिरायु कार्ड बनाकर महेंद्रगढ़ जिला पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान पर है। इसी कारण पंचकूला में आयोजित वर्कशॉप के दौरान महेंद्रगढ़ जिला को प्रदेश में नंबर वन रैंक हासिल करने पर सम्मान मिला है।

पंचकूला में आयोजित वर्कशॉप प्रदेश के सभी 22 जिलों के जिला नोडल अधिकारी, जिला सूचना प्रबंधक एवं कुछ पैनल अस्पतालों के प्रबंधक भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में जिला महेंद्रगढ़ को यह अवार्ड मिला। यह अवार्ड जिले की तरफ से जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर हर्ष चौहान, अतिरिक्त नोडल अधिकारी (जिला नागरिक अस्पताल) डॉक्टर प्रमोद कुमार और जिला सूचना प्रबंधक (आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं चिरायु हरियाणा योजना) उमेश सैनी ने प्राप्त किया। आपको बताते चले कि जिला महेंद्रगढ़ के स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा योजना में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। जिला महेंद्रगढ़ योजना की शुरुआत 2018 से ही 85 प्रतिशत से अधिक कार्ड बनाकर प्रथम स्थान पर रहा हैं। जिला महेंद्रगढ़ में जनगणना सर्वे 2011 के तहत 113685 व चिरायु कार्ड से जुड़े 291608 लाभार्थी हैं। सरकार ने इसमें ओर विस्तार करते हुए चिरायु आयुष्मान भारत योजना के विस्तारीकरण का पोर्टल लॉन्च किया है। 1.80 लाख से तीन लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए पात्र आवेदक चिरायुआयुष्मानहरियाणा डाट इन पर आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद यह परिवार मुफ्त उपचार के लिए बीमित हो जाएंगे। परिवार सरकारी अथवा पैनल के निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। चिरायु आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को योजना में शामिल होने के लिए किसी प्रकार का भुगतान नहीं करना पड़ता। पंजीकरण करवाने के लिए चिरायुआयुष्मानहरियाणा डाट इन पर 1500 रुपये भुगतान करना होगा व शुल्क के भुगतान में समस्या आने पर चिरायुएक्सटेंशन एट जीमेल डाट काम पर ईमेल करें।



नारनौल। मिले सम्मान के साथ जिला नोडल अधिकारी हर्ष चौहान, उमेश सैनी व डा. प्रमोद कुमार।

हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
19 दिसंबर 2023

# सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं। बंधुत्व घटता जा रहा है। ऐसे में हमारे आस-पास रीतापन आएगा ही। खुशियां खो जाएंगी, हम उदासी से घिर जाएंगे। लोग अपने को अकेला, निस्सहाय समझेंगे। ऐसे में प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस का पर्व ना सिर्फ हमें नई आशाओं और उमंगों से भरता है, उनके प्रेम-सद्भाव के संदेश हमें मानवता की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

# क्रिसमस
## प्रेम-सद्भाव के जुड़ाव का पर्व

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुशी और आपसी स्नेह से भरे क्रिसमस के त्योहार का इंतजार सभी को रहता है। विदा होते साल में अपनों के साथ स्नेह-प्रेम और प्रकाश के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे समाज को इंसानी भाव और जुड़ाव से जगमग करने का संदेश साथ लेकर आता है। अपनों का साथ इस सेलिब्रेशन को और अहम बना देता है। बंधुत्व और प्रेम-सद्भाव की भावनाओं को पोषित करने वाले प्रभु यीशु को समर्पित प्रार्थना के स्वर हर ओर गूंजते हैं।



### संवेदनाओं की सीख

पारिवारिक जीवन हो, हमारा परिवेश या सार्वजनिक स्थलों पर हमारी साझी मौजूदगी हो या फिर काम-काजी दुनिया, करुणा और संवेदना के भाव आज कहीं गुम हो गए हैं। सूखते इमोशंस और रूखा बर्ताव, जिंदगी की कड़वी हकीकत बन गया है। ऐसे में दया-करुणा और प्रेम की सकारात्मकता के लिए प्रभु यीशु के संदेश, संवेदनाओं को पोसते हैं। करुणा और दया के भाव इंसान को सेवाभावी बनाकर दूसरों की पीड़ा समझने की संवेदनाएं जगाते हैं। भविष्य के प्रति सकारात्मकता और वर्तमान को लेकर आभार का भाव मन में भरते हैं। प्रभु यीशु ने कहा है, 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' आज हर ओर सब कुछ पा लेने की भागम-भाग में संवेदनाएं खत्म हो गई हैं। ना तो एक दूजे का दुःख महसूस किया जाता है, ना ही किसी के टूटने-बिखरने की मनःस्थिति समझी जाती है। ऐसे में क्रिसमस के उत्सवीय रंग एक-दूसरे को समझने, शांति और प्रेम के साथ रहने के विचार को बल देते हैं। यीशु ने भी यही कहा, 'ईश्वर अपने सभी बच्चों से बेहद प्यार करता है। हमें सभी के साथ प्रेम-सम्मान का रिश्ता बनाना चाहिए।' घर के आंगन से लेकर गिरिजाघरों की जगमगाती सजावट के बीच क्रिसमस का उत्सव, प्रेम-सम्मान की ऐसी ही सकारात्मक उमंगों का संचार करता है।

### आशाओं में विश्वास

केक, केरोल्स और कैंडीज के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव, उम्मीदों को भी आधार देता है। बहुत से देशों में क्रिसमस के आस-पास छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। छुट्टियों के इन दिनों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। इससे हंसी-खुशी के परिवेश में साथ रहते हुए, दूसरों की मदद करने और भाईचारे को बनाए रखने की सीख मिलती है। परोपकार की सीख देने वाला यह पर्व आशाओं को मन में जगह देने और पूरा होने के निश्छल विश्वास की भी सीख देता है। सैंटा के आने और उपहार दे जाने में बच्चे ही नहीं, बड़े भी एक विश्वास का भाव महसूस करते हैं। देवदूत के काल्पनिक अवतार के रूप में उपहार लेकर सैंटा क्लॉज का आना, फेस्टिव उमंगों का सबसे सुंदर हिस्सा है।

सवालों से परे भरोसे को पोसता यह मानवीय आस्था का बहुत ही प्यारा भाव है, जो असल जिंदगी में भी बेहतरी की उम्मीदों को बल देता है। स्वयं को हर हाल में थाम लेने की शक्ति देता है। स्वयं अपने जीवन और समाज में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विश्वास का यह भाव बेहद आवश्यक है। यीशु का यह सुंदर संदेश सदैव स्मरणीय है, 'जीवन को बहुमूल्य समझो और स्वयं पर विश्वास करो।'



### यूनिवर्सल सेलिब्रेशन

**क्रिसमस का** त्योहार एकता, खुशी और आशा के यूनिवर्सल मनोभाव पैदा करता है। मान्यता है कि इस दिन मदर मैरी के घर ईसा मसीह का जन्म हुआ था। प्रभु यीशु ने कम आयु में ही मानवता, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समग्र संसार को प्रेरणा दी। मानवीय मूल्यों को बचाने वाले ईसा मसीह के संदेशों में दयालुता, क्षमा, दूसरों का भला करने की सोच और सभी का सम्मान करने का भाव शामिल है। आज जब पूरी दुनिया में अस्थिरता छाई है, उनकी बातों का अनुसरण शांति और सद्भाव की राह सुझाने वाला है। एक-दूजे से उलझते पड़ोसी देश हों या समाज में फैलती नकारात्मकता, प्रभु यीशु का यह विचार, 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो, वैसा व्यवहार उनसे करो।' सभी उलझनों का हल है। ऐसे में क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिन, दुनिया के हर इंसान को सत्य, निष्ठा, करुणा और सह-अस्तित्व की राह पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक विशेष दिन है।

एक्सप्रेशंस/ प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

## आइए फैलाएं हम प्रभु यीशु का संदेश

समाज-परिवार में प्रभु यीशु के प्रेम-करुणा के संदेश को फैलाने में महिलाएं कैसे एक अच्छी और अहम भूमिका निभा सकती हैं। बता रही हैं अपने-अपने क्षेत्र की कुछ नामचीन हस्तियां।

### शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना



**महिलाएं ही** सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सहेज कर रखती हैं। वे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराती हैं। क्रिसमस का पर्व समाज में सभी के प्रति प्रेम, करुणा का भाव जगाता है। मेरे पति रोमन कैथलिक हैं, वे आस्ट्रिया में रहते हैं। मैं ज्यादातर पति और बेटे के साथ क्रिसमस मनाने वियना चली जाती हूं। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री घर में पहले ही आ जाता है। उसे लाइट से सजाया जाता है, ताकि हमारे भीतर जो अंधेरा है, वह दूर हो, हमारा जीवन प्रकाशवान हो। क्रिसमस पर जीसस क्राइस्ट के संदेशों को पढ़ा जाता है। इसके बाद क्रिसमस कैरल्स गाते हैं, इसके बाद मीठा खाया जाता है। लोग आधी रात को, जिस समय यीशु का जन्म हुआ था, चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। रात को ही या 25 दिसंबर की सुबह को बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। मैं भी बहुत उत्साह-उमंग से क्रिसमस मनाती हूं।

### हिमानी शिवपुरी, अभिनेत्री



**हर धर्म** प्रेम और मानवता का संदेश देता है। इस नजर से देखें तो अपने संस्कारों और मूल्यों से स्त्री, समाज में प्रेम, करुणा और मानवता का संचार करती है। लगभग हर इंसान चाहता है कि वह कुछ ऐसा करे कि दूसरों को खुशी मिले। चाहे वह उसके परिवार के लोग हों, रिश्तेदार हों या आस-पास में रहने वाले लोग हों। हम कलाकार व्यस्तता के कारण ज्यादातर अपना त्योहार सेट पर ही मना लेते हैं। मेरी मेड असम से है, वह ईसाई है। इसलिए मैं उसे क्रिसमस पर जरूर कुछ ना कुछ गिफ्ट देती हूं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए मैं हमेशा तैयार रहती हूं, जैसे फुटपाथ पर जो बच्चे रहते हैं, उन्हें कभी कुछ बांट दिया, बुजुर्गों को कुछ दे दिया। ऐसा करने से इन लोगों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी दिखती है। बेशक मेरी यह मदद बहुत छोटी ही क्यों ना हो, लेकिन इस तरह आप किसी के जीवन में सेंटा क्लॉज बनकर उसे छोटी-छोटी खुशियां तो दे ही सकते हैं।

### शुद्धी रमनी, गायिका



**मेरे लिए** क्रिसमस का मतलब है, पूरा परिवार साथ बैठकर खाना खाए, खुशियां मनाए। हम दोस्तों को भी घर बुला लेते हैं। आपस में त्योहार की खुशियां बांटते हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मैं क्रिसमस पर घर में एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री जरूर लेकर आती हूं, इसे हम सजाते हैं। मैं क्रिसमस को बहुत अच्छे से सेलिब्रेट करती हूं। 24 दिसंबर की रात को मैं अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के लिए लेटर्स भी लिखती हूं। रात को सबके सिरहाने पर वह लेटर रख देती हूं। रात को ही क्रिसमस ट्री के नीचे सभी घरवालों के लिए गिफ्ट भी रख देती हूं। इसके बाद क्रिसमस के अगले दिन मेरा जन्मदिन होता है तो उस दिन मुझे परिवार और दोस्तों से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते हैं। सही मायने में त्योहारों की रौनक महिलाओं से होती है। वे ही इस तरह के सेलिब्रेशंस के माध्यम से पूरे परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को जोड़कर रखती हैं। देखा जाए तो प्रभु यीशु के प्रेम और करुणा के संदेश को समाज में फैलाने का काम सही मायने में महिलाएं ही करती हैं।

### रिन्नी जॉय, अधिवक्ता-सामाजिक कार्यकर्ता



**प्रभु यीशु** ने हमें सबसे बड़ा जो संदेश दिया, वो है सबसे प्रेम करो। महिलाएं सबको प्यार से जोड़कर रखती हैं। निरंतर परिवार-समाज से जुड़ी रहती हैं। वे वर्किंग होते हुए ऑफिस और घर को मैनेज करने के साथ-साथ आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में भी प्रेम का रिश्ता बनाकर रखती हैं। महिलाएं यह काम बखूबी करती हैं। रही बात क्रिसमस सेलिब्रेशन की तो क्रिसमस पर हम केक जरूर बनाते हैं। इसे उन लोगों के बीच जरूर बांटते हैं, जो हमारे घर में काम करते हैं, जैसे-मेड, ड्राइवर, गेटकीपर और स्वीपर। चूंकि क्रिसमस सर्दियों में आता है तो हम गरीबों को कंबल बांटते हैं, उन्हें खाना भी खिलाते हैं।

क्रिसमस वाले दिन हम परिवार के साथ लंच और डिनर करते हैं। इस दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मिलते हैं, उन्हें गिफ्ट देते हैं। फैमिली मेंबर्स और बच्चों को जो गिफ्ट दिया जाता है, उसे हम 24 की रात को क्रिसमस ट्री के नीचे रख देते हैं। क्रिसमस सेलिब्रेशन 24 दिसंबर की शाम से शुरू हो जाता है, जो 25 तक चलता है। वैसे क्रिसमस की रौनक नए साल के आने तक बनी रहती है। सभी को मैरी क्रिसमस...

मेकअप साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

## फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।

**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस की मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे। आप फाउंडेशन लगाते समय उसमें दो या तीन बूंद फेस ऑयल की जरूर मिक्स कर लें। कई महिलाएं मेकअप में पावडर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन सर्दियों में पावडर की बजाय लिक्विड और क्रीमी टेक्सचर वाले क्रीम और फाउंडेशन बेस्ट ऑप्शन हैं।



**ब्लशर-आई मेकअप :** चूंकि आप क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो आप ब्लशर में रेड कलर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। ब्लशर को इस तरह अप्लाई करें कि वो नेचुरल लुक दे। इसके बाद आई मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक वाला आईशैडो यूज करें, इससे आपके चेहरे पर चमक नजर आएगी।

**हाईलाइटर से करें टचिंग:** कुछ महिलाएं पार्टी में जाने के लिए हैवी मेकअप को सही मानती हैं जबकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, मेकअप में बहुत ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज ना करें यानी बहुत हैवी मेकअप से बचना चाहिए। सर्दियों में हैवी के बजाय नेचुरल मेकअप लुक ज्यादा सुंदर नजर आता है। आप मेकअप करने के बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। हाईलाइटर आपके मेकअप को ग्लोइंग टच देता है।

**लिपस्टिक :** क्रिसमस पार्टी को ध्यान में रखते हुए आप अपने लिप्स पर ग्लॉसी या फिर रेड लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं। यह आपके ओवर ऑल मेकअप लुक को कंप्लीट करेगा।

**प्रस्तुति : मानसी**

सेलिब्रेशन / निधि गोयल

अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

## जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी

दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।

**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।



**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है। आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।



**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्ग्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्ग्स भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाए। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**ना भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। सबसे अच्छा होगा कि ये गिफ्ट्स बच्चों को वो व्यक्ति दे, जिसने सैंटा का गेटअप लिया हो।

रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

इन दिनों आप क्रिसमस पार्टी की तैयारी में जुटी होंगी। बाकी तैयारियों के साथ आप इस बार बाजार से केक मंगाने के बजाय घर पर ही टेस्टी केक बना सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं तीन केक्स की रेसिपी।

## क्रिसमस पार्टी के लिए घर पर बनाएं टेस्टी केक

### खस जैली केक



**सामग्री :** कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, आटा-1 कप, मैदा-1 कप, रिफाइंड ऑयल-1 कप, बेकिंग पावडर-2 छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, नमक-चुटकी भर, खस जैली-100 ग्राम, हरा रंग-2 बूंद, खस एसेंस-2 बूंद, खोया, बादाम-सजाने के लिए

**विधि :** सबसे पहले कंडेंस्ड मिल्क और रिफाइंड ऑयल को मिलाकर फेंटें। इसके बाद जैली को कसकर या मसलकर इसमें मिलाएं। अब रंग और एसेंस भी मिला लें। फिर मैदा, आटा, नमक, बेकिंग पावडर और बेकिंग सोडा मिलाकर छानें और कंडेंस्ड मिल्क वाले मिश्रण में मिलाकर एक ही दिशा में तब तक फेंटें, जब तक उसमें से हवा के बुलबुले ना निकलने लगे और वो फूल जाए। अब केक टिन में चिकनाई लगाकर केक का मिश्रण डालें। 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट तक इसे पकाएं। केक में चाकू डालकर देखें। अगर मिश्रण चाकू पर लगे तो 4-5 मिनट और पकने दें। ठंडा करके केक को खोए और बादाम से गार्निश करें। केक रेडी है।

### क्रंची कोको केक

**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/2 कप, कोको पावडर-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-1/2 कप, तेल-1 कप, दूध-1कप, बेकिंग पावडर-2छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, वनीला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी



**विधि:**क्रंची कोको केक बनाने के लिए कंडेंस्ड मिल्क, पिसी चीनी और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। उसके बाद इसमें वनीला एसेंस मिला लें। सारी सूखी सामग्री को मिलाकर बड़े बाउल में छलनी से छान लें। इसमें कंडेंस्ड मिल्क, तेल का मिश्रण और आवश्यक्तानुसार दूध मिलाकर फ्लोइंग कंसिसटेंसी का बैटर बना लें। अब केक मोल्ड में तेल लगाकर मैदा बुरकें। इसमें बैटर डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट के लिए रख दें। पूरी तरह बेक होने पर केक को ठंडा करके प्लेट में निकालें और मनचाही गार्निशिंग कर लें।

### मेवा केक



**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, तेल-1 कप, दूध-1 कप, कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, कटे काजू-2 बड़े चम्मच, अखरोट के टुकड़े-2 बड़े चम्मच, किशमिश-2 बड़े चम्मच, कटा पिस्ता-2 बड़े चम्मच, रंग-बिरंगी पेठा चेरी-2 बड़े चम्मच, बेकिंग पावडर-1 छोटा चम्मच, बेकिंग सोडा-आधा छोटा चम्मच, वनिला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी

**विधि:** सबसे पहले एक बाउल में कंडेंस्ड मिल्क और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें। इसमें वनिला एसेंस भी मिला लें। अब थोड़ा मैदा बचाकर शेष सारी सूखी सामग्री मिलाकर दूसरे बाउल में छलनी से छान लें। फिर इसमें कंडेंस्ड मिल्क-तेल का मिश्रण और कटे मेवे मिला लें। आवश्यकतानुसार दूध मिलाकर बैटर को फ्लोइंग कंसिसटेंसी का कर लें। केक मोल्ड में तेल लगाकर इसमें मैदा बुरक दें। फिर इसमें तैयार बैटर डालकर ऊपर से कटे बादाम, कटा पिस्ता और चेरी डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. तक प्रिहीटेड ओवन में रख दें। 30-35 मिनट बाद चाकू डालकर चेक कर लें। चाकू साफ निकले तो केक रेडी है वरना 4-5 मिनट और ओवन में रखें। केक को ठंडा होने पर प्लेट में उल्टा निकालें। साबुत मेवा से गार्निश कर लें। आपका क्रिसमस केक तैयार है।

**खबर संक्षेप**

### मोदाश्रम प्रांगण में बैठक आयोजित

**महेंद्रगढ़।** मोदाश्रम के प्रांगण में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों को निमंत्रण देने के लिए जनसंपर्क अभियान करने हेतु एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम के जिला पालक सुभाष डागर ने की। बैठक में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई व उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गई।

कार्यक्रम के नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी ने बताया कि बैठक में नगर की पांच बस्तियों के पदाधिकारी बनाए गए, जिसमें दयानंद बस्ती में पालक वेदप्रकाश धरसुंवाला, संयोजक सुशील बिढ़ाट, सहसंयोजक नेमी शर्मा बनाए गए।

### पति के साथ आई महिला स्टेशन से लापता

**रेवाड़ी।** रोहतक के एक गांव से स्टेशन पर पति के साथ आई महिला लापता हो गई। जीआरपी को दर्ज शिकायत में महिला के पति ने बताया कि वह अपनी पत्नी प्रियंका के साथ सजाड़ा धाम जाने के लिए स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान उसे प्लेटफार्म पर नींद आ गई। नींद खुलने पर उसकी पत्नी नहीं मिली। काफी तलाश करने पर उसका कोई पता नहीं चला।

### ओढ़ी गांव से भैंस व कटिया ले गए चोर

**बावल।** ओढ़ी गांव से चोर एक भैंस व कटिया चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बालकिशन ने बताया कि वह अपने पशु बांधने के प्लॉट में ही सोया हुआ था। रात को 11 बजे तक उसके पशु बंधे हुए थे। सुबह जब दूध निकालने के लिए वह उठा तो एक भैंस और कटिया गायब मिले। काफी तलाश करने पर भी उनका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मसानी से किशोर हुआ घर से लापता

**रेवाड़ी।** मसानी गांव से करीब 16 वर्षीय किशोर अचानक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में देवीलाल ने बताया कि उसका बेटा दिपांशु 15 दिसंबर को घर से कहीं चला गया। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पता करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। उसने बेटे को गायब करने के लिए गांव के भोलू नामक युवक पर संदेह जताया है। पुलिस ने केस दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी।

### कंप्यूटर सेंटर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास रोड पर एक कंप्यूटर सेंटर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में गुरूग्राम के मऊ निवासी अंकित ने बताया कि वह बाइक लेकर कंप्यूटर सेंटर पर किसी काम से आया था। बाइक को बाहर खड़ी करने के बाद अंदर चला गया। बाहर आने पर उसे बाइक गायब मिली।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**जाटूसाना।** आईटीबीपी कैंप के निकट कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। पुलिस बयान में रोझूवास निवासी पंकज ने बताया कि वह और उसका भाई रितेश जाटूसाना से अपने गांव जा रहे थे। कैंप के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई घायल हो गए।

## सोमवार को नारनौल क्षेत्र के गांवों में पहुंची विकसित भारत यात्रा

# सरकार नागरिकों को घर द्वार पर दे रही योजनाओं का लाभः दयाराम

लोगों को विकसित भारत की दिलवाई शपथ, वक्ताओं ने सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सोमवार को खंड के गांव रघुनाथपुरा व हमीदपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव आंतरी व बिहारीपुर, कनीना खंड के गांव भड़फ व ककराला तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव बुचोली व मेघनवास में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव रघुनाथपुरा, आंतरी व बिहारीपुर में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं भड़फ व ककराला में कनीना एसडीएम सुरेंद्र सिंह, हमीदपुर में प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा व जिला प्रभारी महेंद्रगढ़ सरोज यादव, बुचोली में महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी अर्चना ठाकुर व मेघनवास में मंडल अध्यक्ष पवन खैरवाल मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि सरकार ने नागरिकों को घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई हुई है। उन्होंने कहा कि इस दौरान लगने वाले कैंपों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं है, जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। इस मौके पर बीडीपीओ रेनू लता यादव, एसईपीओ अंकित, पूर्व नगर परिषद चेयरपर्सन भारती सैनी, विधानसभा प्रभारी नीतू चौधरी, सरला यादव रेवाड़ी जिला प्रभारी, कविता यादव जिला महामंत्री, सुमन यादव दिशा कमेटी सदस्य, गीता यादव व गांव के सरपंच व अन्य ग्रामीण मौजूद थे। मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए लाभार्थियों ने गिनाई योजनाओं की खासियत विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सरकार की अलग-अलग योजनाओं की खासियत बताई। उन्होंने अपनी कहानी बताते हुए लाभार्थियों को समझाया कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं बल्कि अधिकतर योजनाएं व सेवाएं अब सरल हरियाणा पर ऑनलाइन उपलब्ध है। नागरिक अपने खुद के मोबाइल या कंप्यूटर अथवा किसी भी नजदीकी



नारनौल। प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला अध्यक्ष दयाराम यादव।

कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर योजनाओं के लिए आवेदन कर सकता है। योजनाओं का लाभ लेना अब बहुत ही आसान हो गया है। आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 19 दिसंबर को नारनौल खंड के गांव गहली व मकसूसपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव मौसमपुर व नांगल पीपा, कनीना खंड के गांव बवानिया व मुंडायन तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव भांडोर ऊंची व देवास गांव में जाएगी।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में गोद भराई रस्म करवाती। फोटो: हरिभूमि

## विकसित भारत संकल्प यात्रा बुचौली गांव पहुंची

- खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ

26 जनवरी तक चलने वाले विकसित भारत यात्रा सोमवार को गांव बुचौली व मेघनवास पहुंची। इस यात्रा में विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों में नागरिकों ने अपनी समस्याओं का निपटारा किया। गांव बुचौली में मुख्यातिथि महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी अर्चना ठाकुर रही। गांव बुचौली में सरपंच अलका यादव ने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। मुख्यातिथि अर्चना ठाकुर ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार अपनी योजनाओं को लेकर आपके गांव में पहुंची हैं, इसलिए जिस किसी नागरिक की जो समस्या है वो विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों में अपनी समस्याओं का निपटारा करवाए। गांव बुचौली के जूडो कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड में मेडल लाने वाले पीयूष मेहरा व दौड़ में पूजा मेहरा को गांव की सरपंच ने बीडीपीओ अनील कुमार की अध्यक्षता में सम्मानित किया। गांव के शहीद जयदाल के परिजनों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया व गांव का सबसे बुजुर्ग पुरुष भूप सिंह व सबसे बुजुर्ग महिला नानड़ देवी को सम्मानित किया व मेघनवास के सबसे बुजुर्ग जगमाल को सम्मानित किया। गांव स्कूल के टॉपर बच्चे रितेश, सोनिया व एमएमबीएस ने सेलेक्ट हुए बच्चे अखिलेश, ब्रिजेश, पलक शर्मा को सम्मानित किया गया। कोरोना काल में अच्छा काम करने पर मुकेश चौहान को भी सम्मानित किया। इसी तरह गांव मेघनवास के शिव, हैपी, प्रिंस, अनुष्का, योगेश को सम्मानित किया। गांव बुचौली में शिवानी सुपरवाइजर की अध्यक्षता में गांव की अंजलि, नीलम की गोद भराई की व गांव के क्रियांश व रोहित अन्नाप्रासन की रस्म की व गांव मेघनवास सीडीपीओ सरला यादव की अध्यक्षता में गांव की विनिता, काजल की गोद भराई कर शुभकामनाएं दी।

## अपनी गलतियों से सबक लेकर प्रदर्शन में करें सुधार

- गुरुकुलम स्कूल में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने व तनाव मुक्त रहने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नांगल चौधरी

असफलताएं स्थाई नहीं होती, निरंतरता पूर्वक परिश्रम से मुश्किल काम भी आसान हो जाता है। उक्त विचार गुरुकुलम स्कूल के चेयरमैन अभय चौधरी ने विद्यार्थियों की वाद-विवाद प्रतियोगिता में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के निदेशक राजपाल ने की। उन्होंने कहा कि सफलता को सभी चाहते हैं, लेकिन उसकी महत्वता के मुताबिक परिश्रम नहीं करते। परीक्षा नजदीक आने पर पढ़ाई करना चाहते हैं, लेकिन कम समय में पूरा सलेबस कवर नहीं कर पाते।बच्चे मानसिक तनाव से ग्रस्त होकर विचलित हो जाते हैं। समाधान के लिए विद्यार्थियों को शेड्यूल बनाकर परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। पढ़ाई के दौरान योगासन या शारीरिक अभ्यास पर पूरा फोकस रखें, क्योंकि तंदुरुस्त शरीर से मानसिक एकाग्रता बढ़ पाएगी। इसके बाद विद्यार्थियों को सामाजिक संस्कार व नैतिक दायित्वों से अवगत करवाया गया। युवा वर्ग कुसंगति की तरफ बहुत जल्दी आकृषित होते हैं। माता-पिता की सेवाभाव से विमुख न हों।

## स्पर्धा में छाए एचपीएस स्कूल के छात्र

- विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिता राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कनिष्ठ वर्ग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सिद्धिका, सोनू, पलक ने चौथा स्थान प्राप्त किया। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बताया कि खंड स्तरीय प्रतियोगिता में भी विद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा था। वरिष्ठ वर्ग में निबंध प्रतियोगिता में छात्र प्रिंस ने सांत्वना पुरस्कार व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रताप, आदित्यए प्रिंस ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया था। कनिष्ठ वर्ग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सिद्धिका, सोनू व पलक ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया था। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी अध्यापकों ने खुशी जताई। विद्यालय के प्राचार्य सुनील यादव ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी व सम्मानित किया। संस्था संस्थापक सुभाष चंद्र वर्मा व निर्देशक पुष्करमल वर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



नारनौल। एचपीएस स्कूल की छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

## खंड स्तरीय कला उत्सव में राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थी अव्वल



**नारनौल।** खण्ड स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय कन्या विद्यालय अटेली में किया गया। जिसमें राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के प्रतिभागियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों को पारितोषित करते हुए प्राचार्य अनिता देवी ने बताया कि कला उत्सव प्रतियोगिता में नृत्य, वर्चवला आर्ट आदि प्रतियोगिताए रखी गई। जिसमें क्लासिक नृत्य में पुरुष वर्ग में शुभम प्रथम, महिला वर्ग में वर्षा द्वितीय, वर्चवल आर्ट में निकिता तृतीय, वहीं ड्रामा महिला वर्ग में आयुसी द्वितीय, पुरुष वर्ग में मयंक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कला उत्सव जैसे कार्यक्रमों से संस्कृति की झलकियां को हमारे बीच जीवित रखा जा सकता है। हमारी संस्कृति हमारे पूर्वजों की धरोहर है, जिसे हम इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर आने वाली नई पीढ़ी में दिया जा सकता है। इस मौके पर विक्रम, सतीश, संजीव, श्यामसुंदर, राजबाला, सुमन शर्मा, ज्योति, अशोका, मीना, समता आदि मौजूद रहे।

## गीता महोत्सव में मनीषा प्रथम

- जिला स्तरीय प्रतियोगिता के श्लोकाचारण में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौंगड़ा अहीर में प्रातःकालीन सभा में जिला स्तरीय गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य अमर सिंह निमहोरिया ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रावमावि दौंगड़ा अहीर की आठवीं कक्षा की छात्रा कुमारी मनीषा ने जिलेभर में श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि कक्षा सातवीं के सिद्धार्थ ने भाषण प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्राचार्य व समस्त स्टॉफ सदस्यों ने दोनों विजेताओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता की तैयार करने वाली संस्कृत प्रवक्ता मीना कुमारी व संस्कृत अध्यापिका कैलाश यादव को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर नीरज शर्मा प्रवक्ता देवव्रत यादव, एनसीसी कमांडर कैलाश यादव, प्रवक्ता नीरज शर्मा, रेणु यादव, सुनीता यादव, राजकौर यादव, अशोक कुमार जांगिड़, अजय यादव, नरेंद्र कुमार यादव, मंजू कुमारी यादव, मधु मरोड़िया, डीपीई करण सिंह, बाबू रूपेश कुमार, विक्रम सिंह, धनसराज आदि मौजूद रहे।



नारनौल। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### संस्कारों से ही मानव जीवन का उत्थान संभव

**नारनौल।** संस्कारों से ही मानव जीवन का उत्थान संभव है। यह बात कप्तान जगराम आर्य ने सोमवार को राजकीय उच्च विद्यालय खटोटी कलां में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए की। इस अवसर पर आर्य ने बच्चों को अपने जीवन में काम आने वाली अच्छी-अच्छी बाते बताई। छात्रों को आसन-प्राणायाम की महता के बारे मे बताया। इसके अलावा मानव जीवन में एक अच्छे नागरिक के गुणों के बारे में विस्तार से बताया। आर्य ने बच्चों को वैदिक धर्म व आर्य समाज के बारे में भी बताया। शास्त्री हरिकिशन गौड़ ने बच्चों को गीता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक अच्छे व्यक्तित्व से एक अच्छा नागरिक समाज में हर जगह सम्मान पाता है।

## आरोही स्कूल में मेले का आयोजन

- मेले में टैक स्कील क्लब की ओर से टैक की लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ के सहयोग से आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा में डिजिटल मेला का आयोजन किया गया। इस डिजिटल मेले में टैक स्कील क्लब की ओर से टैक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें तकनीकी विषय पर पोस्टर बनाना, स्लोगन लेखन, रंगोली, मॉडल बनाना आदि एक्टिविटी को शामिल किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने तकनीकी विषय पर आधारित महत्वपूर्ण पोस्टर, स्लोगन, रंगोली, मॉडल आदि बनाए। कार्यक्रम का अवलोकन एबीआरसी, स्टाफ सदस्यों व विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने किया।

इस मेले का आयोजन प्रवक्ता फाइन आर्ट सीमा कुमारी, वॉकेसनल टीचर ब्यूटी एंड वेलनेस स्नेहलता व वॉकेसनल टीचर ऑटोमोबाइल कुलदीप सिंह के सहयोग से किया गया। डिजिटल मेले मे तकनीकी थीम पर पोस्टर मेकिंग में छात्रा विनिता प्रथम स्थान पर रही। छात्र कार्तिक दूसरे स्थान पर रहा। छात्रा चकसु तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन राईटिंग में छात्रा तमन्ना प्रथम, छात्रा ज्योति दूसरे, प्रकृति तृतीय स्थान पर रही।




नारनौल। मेले में चार्ट दिखाते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## स्कूली विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

# हकेंवि में विद्यार्थी विज्ञान मंथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूजण ▸▸ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रविवार को विद्यार्थी विज्ञान मंथन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश के विभिन्न स्कूलों से कक्षा छह से 11वीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षिणक खंड एक में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन सत्र को विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में संबोधित किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से यह आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है। कुलपति ने कहा कि आयोजन में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से विद्यार्थियों की उपस्थिति आयोजन की सफलता की परिचायक है। कुलपति ने विकसित भारत एट 2047 का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।



महेंद्रगढ़। विजेता विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व आयोजक।

### युवाओं को उनकी भूमिका से करवाएं अवगत

उन्होंने व्यक्ति निर्माण पर जोर देते हुए विकसित भारत के निर्माण में युवाओं को उनकी भूमिका से अवगत कराने का भी शिक्षण संस्थानों से आह्वान किया। कुलपति ने इस सफल आयोजन के लिए सभी आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना की। विज्ञान भारती, हरियाणा की उपाध्यक्ष व हकेवि के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) के तहत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के सहयोग से विज्ञान भारती (वीआईबीएचए) की एक पहल है। वीवीएम छठी से 11वीं कक्षा के स्कूली विद्यार्थियों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत वैज्ञानिक योग्यता रखने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान की जाती है। इसी क्रम में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विद्यार्थी विज्ञान मंथन का आयोजन किया गया। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि हमें तकनीकी मोर्चे पर बहुत तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राज्य संयोजिका डॉ. रश्मि पुंडीर ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, शिक्षकों व स्वयंसेवकों का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## प्रशिक्षण शिविर में 13 स्कूलों के 96 जेआरसी कैडेट्स का किया पंजीकरण




**नारनौल।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान एवं उपायुक्त व जिला रेडक्रॉस समिति अध्यक्ष मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार को सेंट जॉन रेडक्रॉस भवन में पांच दिवसीय जेआरसी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि शिविर में 13 स्कूलों के 96 जेआरसी कैडेट्स का पंजीकरण किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डा. एसपी सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य की कुशलता के लिए प्रशिक्षण का अति महत्व होता है। प्रशिक्षण के दौरान हम विषयगत सूक्ष्म जानकारियां प्राप्त करते हैं। कैंप प्रभारी टेकचंद यादव ने रेडक्रॉस के इतिहास पर विस्तार से जानकारी प्रदान की, जबकि जेआरसी काउंसलर पवित्रा यादव ने रेडक्रॉस के कायार्ें एवं सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। सेंट जॉन ब्रिगेड ऑफिसर डा. सीएस वर्मा ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा जीवन में मानवीय मूल्यों को आत्मसात किए जाने पर बल दिया। इस मौके पर चीफ ऑफ कैंप प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश दहिया, प्रवक्ता भूपसिंह भारती, सरताज सिंह, अंजना, अगेंदर, सुभाष गुप्ता, विजयपाल, सत्यवीर सिंह, ओमप्रकाश व रेखा सहित विभिन्न स्कूलों से जेआरसी काउंसलर मौजूद रहे।

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन में चोर एक अस्पताल के बाहर खड़ बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में मुंडनवास कमालपुर निवासी अमित ने बताया कि वह श्री श्याम अस्पताल में नौकरी करता है। घर से वह बाइक लेकर आया था। बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी करने के बाद वह अंदर चला गया। शाम को घर जाने के लिए बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली।

**सूचना**

मैं, कौशल्या विधवा फतेह सिंह निवासी गांव बवाना तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विकाश व उसकी पत्नी संतोष मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**



### अवैध शराब के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना नांगल चौधरी पुलिस नांगल चौधरी-निजामपुर रोड पर लुजोता के पास से गुप्त सूचना के आधार पर इको गाड़ी से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने गाड़ी से चार बोतल बियर, पांच बोतल अंग्रेजी शराब व 24 बोतल देसी शराब की बरामद कर दो आरोपित प्रवीण वासी गावड़ी जाट व देवीलाल वासी सरेली को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### एथलेटिक्स में गैलेक्सी स्कूल के विद्यार्थी छाए

**महेंद्रगढ़।** जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप हरियाणा द्वारा खेलों का आयोजन कोका गांव में करवाया गया। मीडिया प्रभारी संजय शास्त्री ने बताया कि गैलेक्सी स्कूल के कोच रामकिशन द्वारा बच्चों की तैयारी करवाई गई, जिसमें अंडर-14 में देवना ने 600 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार अंडर-17 में देव ने 60 मीटर रेस में प्रथम व ऊंची कूद में द्वितीय, अंडर-17 में यश ने भाला फैंक में अपना प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य कृष्ण यादव व समस्त स्टाफ ने बच्चों का विद्यालय पहुंचने पर मेडल व फूल मालाओं से स्वागत किया। एमडी दरियाव सिंह व सीईओ सतीश शर्मा ने बच्चों को संबोधित किया।



### जेएनवी में एलुमिनी मीट कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में गतदिवस एलुमिनी मीट 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप प्राचार्य प्रताप सिंह थे। इसमें 60 पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। स्कूल के विद्यार्थियों को सफलता के लिए पूर्व विद्यार्थियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने पूर्व विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

### विद्यार्थियों को वितरित की गर्म स्वेटर

**महेंद्रगढ़।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कैमला में सेवानिवृत्ति नौसेना अधिकारी रणधीर सिंह की ओर से 80 विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित की। बीईओ डॉ. विश्वेश्वर शर्मा व कैप्टन महावीर सिंह व वीरेंद्र सिंह जांगिड़ ने बताया कि रणधीर सिंह वासी ढाणी गुढ़ा (मेघनवास वाले) ने स्वेच्छा से कक्षा प्रथम से आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर बांटें।

# छलक नाला मामला: हाउस में पास प्रस्ताव होने के बाद भी गंभीर नहीं अधिकारी, निर्माण के बाद होगी पेमेंट

अब तक 25 करोड़ का हो चुका भुगतान, 40 प्रतिशत काम अभी भी पड़ा है अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर परिषद के सबसे बड़े व सबसे अधिक करीब साढ़े चार हजार मतदाता वाले वार्ड के पार्षद अजय सिंघल ने कहा है कि प्रदेश सरकार की 34 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे छलक नाले का मुद्दा हाउस की बैठक में उठाने और बिना नाल पूरा हुए भुगतान नहीं करने का प्रस्ताव पास होने के बाद भी नगर परिषद के अधिकारियों के कानों पर जो नहीं रेंग रही है। भुगतान ना करने का प्रस्ताव पास होने के बाद भी नगर परिषद के कुछ अधिकारी ठेकेदार से मिलीभगत करके इसके बिल पर बिल बनवाए जा रहे है, जबकि करीब पांच महीने पहले हुई बैठक में यह प्रस्ताव पास हो चुका था कि जब तक ठेकेदार नाले का पूरा निर्माण नहीं कर देता है, उसकी आगे पेमेंट नहीं की जाएगी, क्योंकि ठेकेदार को 24 से 25 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और धरातल पर काम आज भी 40 प्रतिशत बकाया है।

## अधिकारियों की ठेकेदार से मिलीभगत के लग रहे आरोप

**अब अदालत में ले जाया जाएगा मामला: पार्षद अजय सिंघल**



नगर पार्षद अजय सिंघल ने कहा कि इस नाले का बहुत सा हिस्सा उसके वार्ड के तहत आता है। जहां पर ठेकेदार ने नाले के निर्माण में केवल लीपापोती की है। नाले के साथ-साथ मोहल्ला महल के पास खड्डे खोद कर छोड़ दिए गए हैं। यहां पर ना तो सड़क निर्माण की गई है और ना ही नालियों के पानी की निकासी का इंतजाम किया गया है। सीवर के कनेक्शन टूटे-पड़े हैं। छलक नाले का निर्माण निजामपुर रोड से शुरू किया गया था। कहीं पर भी ऐसी जगह नहीं है, जहां यह कहा जा सकता हो कि नाला वहां से शुरू किया गया, वहां से कंप्लीट कर दिया गया हो। नाले के साथ-साथ करीब आठ पार्क बनने थे। एक भी पार्क पूरा नहीं किया गया है। जहां से नाला शुरू किया गया है, वहां फुटपाथ में घटिया सामग्री का निर्माण किया गया है। फुटपाथ नाला पूरा होने से पहले ही टूटने शुरू हो गया है। कुछ स्थानों पर बिजली के खंबे लगाए गए थे, आज तक बिजली का कनेक्शन अप्लाई नहीं किया गया है। बिजली के खंभे टूटकर साइड में गिरने शुरू हो गए है, क्योंकि इसमें बहुत ही कमजोर पाइप लगाए गए हैं। नगर पार्षद अजय सिंगल ने कहा कि वह इस मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री को अलग से एक पत्र लिखकर नगर परिषद में किए गए प्रस्ताव की प्रति भी साथ भेजेंगे, क्योंकि उस प्रस्ताव में नाले की विजिलेंस जांच की मांग भी की गई थी। साथ ही यह मामला अब कोर्ट में भी उठाएंगे, क्योंकि सरकार की 34 करोड़ रुपये की यह योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ गई है।

## डोर टू डोर दो टेंडर छोड़े, एक साल पूरा होने को नियमों की नहीं कर रहा पालना

पार्षद अजय सिंगल ने कहा कि शहर में करीब चार से पांच करोड़ रुपये में छोडे गए डोर टू डोर टेंडर को साल होने को जा रहा है, लेकिन आज तक यह ठेकेदार भी नियम व शतार्ें को पूरा नहीं कर रहा है। मौके पर आज भी कूड़ा तोलने के लिए कांटा नहीं लगाया गया है। ना ही मौके पर प्रोसेसिंग का कार्य शुरू किया गया है। शहर की करीब 30 प्रतिशत गलियां ऐसी है, जिनमें ठेकेदार के टेंपो घुस ही नहीं सकते है, जिसके चलते वहां का डोर टू डोर का कूड़ा उठाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पार्षद ने कहा कि डोर टू डोर को लेकर उनकी ओर से की गई शिकायत पर एसडीएम की जांच में भी कंपनी की खामियां सामने आ चुकी है। एसडीएम रिपोर्ट नगर परिषद के डीएमसी को सबमिट होने के बाद भी आज तक नगर परिषद के अधिकारी डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली फर्म के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। कूड़ा उठाने वाली फर्म के टेंपो कोरियावास मोड के पास एक निजी धर्म कांटे पर आज भी तूल रहे हैं। जहां उनका वजन कौन देखता है, यह बड़ी हैरान करने वाली बात है। नगर पार्षद अजय सिंगल ने कहा कि कुल मिलाकर नगर परिषद के अधिकारी सरकार के पैसे और योजनाओं को जमकर पलीता लगा रहे है, जिस पर रोक लगानी चाहिए।

### वीर बाल दिवस और शहीदी दिवस मनाएंगे

**नारनौल।** शहीद शिरोमणी, प्रेम, त्याग और बलिदान के सवार्ेच्च प्रतीक गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस एवं गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्रों की शहादत पर वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया जाएगा। अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर को बस स्टैंड के पास यादव धर्मशाला में होगा। कार्यक्रम में नगर की सम्पूर्ण सिख संगत के साथ-साथ अन्य समाज के लोग शामिल होंगे। संजय शर्मा ने बताया कि धर्म, मानवीय मूल्यों, आदर्शों व सिद्धांत की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले श्री गुरु तेग बहादुर, बलिदान की अमर गाथा लिखने वाले गुरु गोबिंद सिंह के चरों साहबजादों व माता गूजरी की याद में ट्रस्ट ने सिख समाज के सहयोग से कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

## रेलवे रोड पर सड़क की हालात खस्ता, हादसों का डर

# शाम होते ही अंधेरें की आगोश में समां जाता शहर का रेलवे रोड

वाहन चालकों को उठानी पड़ रहीं है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रेलवे रोड पर रात के समय छाया घना अंधेरा। फोटो: हरिभूमि

वैसे तो शहर की सभी सड़कों में गहरे गड्ढे बने हुए हैं, लेकिन शहर के अति व्यस्त मार्ग रेलवे रोड की हालत और भी खस्ता है। वहीं शाम होने के साथ ही वाहन चालकों की परेशानी ओर बढ़ जाती हैं। क्योंकि इस मार्ग कई सरकारी कार्यालय होने के बावजूद भी अंधेरा छाया रहता है, जिस कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अंधेरे में सड़क पर बने गहरे गड्ढे के चपेट में आकर वाहन खुद भी घायल हो रहे हैं। इसमें सबसे अधिक दिक्कत बाइक चालकों को हो रही है। बता दें कि शहर की सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइट को मेंटेन करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है, लेकिन इस मार्ग पर एक सप्ताह में करीब दो से तीन बार स्ट्रीट लाइट या तो खराब होती है या फिर रात के समय जलाई नहीं जाती। स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण रात के समय इस मार्ग पर घना अंधेरा छाया रहता है। यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रात के रेलवे स्टेशन के यात्री इसी मार्ग का इस्तेमाल करते है और यहां से आते जाते हैं। ऐसे में स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधेरा छाया रहता है, ऐसे में यात्रियों के साथ किसी अप्रिय घटना होने का डर बना रहता है।

### इस मार्ग पर अनेक सरकारी कार्यालय

शहर के रेलवे रोड पर दिन व रात के समय ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। इस मार्ग पर दो पुलिस थाने, नागरिक अस्पताल, सिंचाई विभाग, मिकाड़ा विभाग, मार्केट कमेटी, रेलवे स्टेशन के यात्री इसी मार्ग से होकर गुजरते है। इसके अलावा इस मार्ग पर अनेक कॉलोनी में हजारों लोग निवास करते है। यह सभी इसी मार्ग का इस्तेमाल करते है। इसके अतिरिक्त इस मार्ग पर लावारिस पशुओं के झुंड भी घूमते हैं। फिर ऊपर से सड़कों पर छाया अंधेरा तथा लावारिस पशु सड़क हादसा होने के खतरे को और भी ज्यादा बढ़ा देते हैं। सड़क पर अंधेरा होने के चलते लावारिस पशु अचानक से अगर वाहनों के सामने आते हैं तो उससे सड़क हादसा हो सकता है। इसको लेकर लोगों ने मांग करते हुए कहा कि मार्ग पर स्ट्रीट लाइट को ठीक करवा जाए। इसके अलावा लोगों ने रेलवे रोड पर सड़क में बने गहरे गड्ढों को भरने की मांग की है, ताकि वाहन चालकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**जल्द लगवाई जाएंगी नई लाइट**

शहर में जल्द ही नई स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएंगी। इसमें रेलवे रोड पर भी लाइट लगवाई जाएंगी। जो स्ट्रीट लाइट लगी हुई है उनकी मैटिनेंस करवाया जाएगा। इसके अलावा सड़क के गड्ढे भी भरवाए जाएंगे।

**-रमेश सैनी**, प्रधान, नगर पालिका महेंद्रगढ़।

# आचार्य को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

- अभिमन्यु पाराशर को मैजिक एंड आर्ट विवि ने दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। अभिमन्यू पाराशर को सम्मानित करते चेयरमैन। फोटो: हरिभूमि

जिला से सटे राजस्थान के गांव शिमला वासी अभिमन्यू पाराशर को मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी फरीदाबाद के चेयरमैन डॉ सीपी यादव ने तथा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सामाजिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानक प्रदर्शित करने तथा ज्योतिष हस्तरेखा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान, सफलता व उपलब्धियों के लिए मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। चेयरमैन ने बताया कि पाराशर पिछले एक दशक से सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, राजनीतिक कायोंर् में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज सेवा कर रहे हैं। सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर यह उपाधि प्रदान की गई है। इससे पूर्व पाराशर को कई राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय संस्था जैसे विश्व संवाद परिषद, विश्व सनातन वाहिनी द्वारा कोरोना योद्धा सम्मान, गोल्ड मेडल समान प्रदान करके भी सम्मानित किया। भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एलसी जोशी, अखिल भारतीय विप्र महासंघ सेवा समिति राजस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अंबिका दत्त कौशिक, परशुराम रक्षक दल के राष्ट्रीय संयोजक मनोहर लाल शर्मा, ज्योतिष विद्वान आचार्य डीपी शास्त्री ने उपलब्धि पर बधाई दी।



## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता रही रातां गांव की टीम

**नारनौल।** लॉर्ड कृष्णा स्कूल सिहमा में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगता का समापन हो गया। अंतिम दिन लड़कों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें प्रथम स्थान पर राता गांव तथा दूसरे स्थान पर धनौता गांव विजेता रही। संस्था के डायरेक्टर मनीष यादव, बिजेंद्र सिंह डीपी व स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप ने विजेता खिलाड़ियों को नगद प्रथम पुरुस्कार 7100 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भीम अवार्डी अंतर राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी हनुमान को संस्था के डायरेक्टर मनीष यादव ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने खेलों का जीवन में महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आज का समय तकनीकी युग है, जिसकी वजह से आज के बच्चे गैजेटस में ज्यादा व्यस्त रहते हैं और मोबाइल पर अपना कीमती समय व्यतीत कर रहे हैं, जिसका बुरा असर उनके मानसिक व शारारिक विकास पर पड़ रहा है।

### जरूरतमंदों को इंसाफ दिलाना रहेगी प्राथमिकता

**नांगल चौधरी।** जिला बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत कुमार का तहसील में अभिनंदन किया गया। उन्हें वकीलों की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान नवनिर्वाचित प्रधान ने जरूरतमंदों को सस्ता व तत्परता से इंसाफ दिलाने के विशेष प्रयास करने का आश्वासन दिया। प्रशासनिक या दबंगों से पीड़ित लोगों को अदालत से राहत की उम्मीद होती है, लेकिन कोर्ट की लंबी प्रक्रिया से जरूरतमंदों को जल्द इंसाफ नहीं मिल पाता। लोगों को आर्थिक नुकसान, समय की बर्बादी होती है। एसोसिएशन ने सामूहिक प्रयासों से न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाने का निर्णय लिया है। ताराचंद एडवोकेट की अगुवाई में वकीलों ने बार एसोसिएशन के प्रधान का अभिनंदन किया है।

# हिसार 45 रनों से बना विजेता

- रोमाचंक मुकाबले में दूसरे दिन गुरुग्राम को दी मात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। टॉस उछालकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते। फोटो: हरिभूमि

बाबा रूपादास खेल स्टेडियम पालड़ी पनिहारा में सोमवार को ट्राई सीरीज के दौरान रोचक मुकाबले हुए। दूसरे दिन के पहला मैच गुरुग्राम वर्सेज हिसार के बीच खेला गया, जिसमें हिसार की टीम ने जीत दर्ज की। हिसार की टीम पहले बैटिंग करते 125 रन बनाएं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुड़गांव की टीम 80 रन ही बना पाई। हिसार टीम के करीना ने शानदार 42 और नीशू ने 35 रन बनाए। गुरुग्राम की टीम से आन्या ने चार विकेट लिए। मंगलवार को फाइनल मैच झज्जर वर्सेज हिसार के बीच सुबह नौ बजे खेला जाएंगा। सरपंच विजयपाल ने बताया की ग्रामीणों की मदद से मास्टर महीपाल के नेतृत्व में खेल स्टेडियम को शानदार बनाया गया है। यहां पर दूर-दूर से टीमें खेलने के लिए आती है। जिला लेवल के ट्रायल के लिए भी जिला प्रशासन द्वारा इसी मैदान को चुना गया था। इससे पहले अंडर-14 राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन भी हुआ था। इस मौके पर मुख्यातिथि बाबा जयराम दास मंदिर कमेटी पाली के पूर्व प्रधान सूबेदार रामअवतार, ग्राम सरपंच विजयपाल ठेकेदार, कुलदीप, ओमप्रकाश खजांची, नरेंद्र, सुरेंद्र, अजीत कोच व रवि पाली इत्यादि उपस्थित रहे।

# शिक्षित लोगों से देश बढ़ता आगे: राव बहादुर

- 14 को मनाया जाएगा यदुवंशी ग्रुप का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

14 जनवरी को यदुवंशी ग्रुप के स्थापना दिवस पर होने वाला कार्यक्रम भव्य होगा। कार्यक्रम में महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के विभिन्न गांवों के लोग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उक्त विचार पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहें। इस कार्यक्रम के लिए राव बहादुर सिंह स्वयं प्रतिदिन गांवों में जाकर लोगों को सम्मानित करते हुए निमंत्रण दे रहे हैं। सोमवार को मकड़ाना, मकड़ानी, संतोखपुरा, गोठड़ा, महराणा, पातुवास, ढ़ाणी फौगाट, टिकाण कलां, खेड़ी सनसनवाल, मोड़ी, बलकरा, घसोला, रामनगर, चरखी, मानकावास, पांडवान, अख्तियारपुर, डोहकी, रासीवास, छपार तथा नरसिंह वास गांवों में जाकर विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया। सामाजिक समस्याओं पर चर्चा करते हुए अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार आने पर सभी समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

एक नेता का कार्य होता है समाज की भलाई के लिए वे सभी कार्य करे, जिससे पूरा इलाका खुशहाल बने। शिक्षा मानव के सर्वागीण विकास में सहायक है। शिक्षित लोगों से देश आगे बढ़ता है तथा सवार्ेत्तम शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। सभी लोगों ने राव बहादुर सिंह के गांवों में पहुंचने पर उनका स्वागत फूलमालाएं एवं पगड़ी पहनाकर किया। इस अवसर पर जिला पार्षद पूनम देवी, जीवन राम, सत्यवीर झूकिया, पूर्व जिला पार्षद ढिल्लू, सरपंच राजबीर मनफरा, टिल्लू सरपंच, बबीता भारती, थान सिंह, रघुनाथ सिंह व पूर्व सरपंच धर्मेंद्र उपस्थित रहे।

### इनवेटर-बैटरी चोरी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपितों से नकदी बरामद

**महेंद्रगढ़।** सर्विस स्टेशन का ताला तोड़कर इनवेटर-बैटरी चोरी करने के मामले में सीआईए टीम ने दो ओर आरोपित भीम और अंकित वासी नांगल सिरोही को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था, पुलिस द्वारा रिमांड के दौरान आरोपितों से पूछताछ की गई। पूछताछ में पुलिस ने आरोपितों से वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई बाइक और एक हजार दो सौ रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा तीन आरोपित अजय, धर्मबीर व योगेश को पहले गिरफ्तार किया गया था। शिकायतकर्ता वासुदेव ने नामजद के खिलाफ उसके सर्विस स्टेशन से इनवेटर-बैटरी चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने शिकायत में बताया कि गांव नांगल सिरोही में उसने नहर के पास सर्विस स्टेशन बना रखा है। उसने बताया कि रात के समय में गांव के ही छह लोगों ने ताला तोड़कर सर्विस स्टेशन के अंदर रखी टेबल तोड़ दी और दो बैटरी व एक इनवेटर चोरी कर ले गए।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

## कमेटी का चुनाव नहीं होने से रूका शहर का विकास

# सचिव मीटिंग में व्यस्त, पेमेंट अप्रूवल कमेटी लटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय में सचिव का इंतजार करते प्रधान रमेश सैनी व पार्षद। फोटो: हरिभूमि

नगर पालिका सचिव नारनौल मीटिंग में व्यस्त होने के चलते सोमवार को पेमेंट अप्रूवल कमेटी का चुनाव नहीं हो पाया, जिसके चलते नगर पार्षद व प्रधान रमेश सैनी नपा सचिव अनिल कुमार का काफी समय तक कार्यालय में इंतजार करते रह गए। थोड़ी देर बाद सचिव की ओर से प्रधान को मीटिंग में नहीं आने की सूचना दी गई। इसके बाद नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा मीटिंग स्थगित होने के बारे में सूचना गेट पर चस्पा की गई। वहीं दूसरी तरफ कुछ पार्षदों ने पेमेंट अप्रूवल कमेटी का चुनाव नहीं होने पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कमेटी का चुनाव नहीं होने से शहर के विकास कार्य रूके हुए हैं। बता दें कि नगर पालिका का नया हाउस का गठन अगस्त-2022 में हुआ था, लेकिन काफी समय से शहर में विकास कार्य रूके हुए हैं। हाउस में सबसे पहले फाइनेंस कमेटी का गठन किया गया था, जिसमें नपा प्रधान रमेश सैनी, उपप्रधान मंजू कौशिक, सचिव तथा वार्ड पार्षद सरिता राठी तथा विष्णु वाल्मीकि है, लेकिन सोमवार को सचिव मीटिंग में व्यस्त होने के चलते बैठक स्थगित कर दी गई है। परंतु पेमेंट अप्रूवल कमेटी का गठन नहीं होने से विकास कार्य अटके पड़े हैं। इस कमेटी में भी नपा प्रधान, उप प्रधान, सचिव तथा एक वार्ड पार्षद शामिल होने थे। वार्ड पार्षदों में से एक सदस्य के चुनाव को लेकर सचिव द्वारा पत्र जारी किया गया था।

**जल्द बुलाई जाएंगी फिर से मीटिंग**

नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि सोमवार को पेमेंट अप्रूवल कमेटी का चुनाव होना था, लेकिन सचिव नारनौल में मीटिंग में होने के चलते बैठक स्थगित करनी पड़ी है। शहर के विकास कार्य को लेकर कमेटी का गठन होना अति आवश्यक है। अब जल्द ही फिर से बैठक बुलाई जाएंगी, ताकि शहर का विकास हो सके।

### धर्म की हानि होने पर अवतार लेंते हैं भगवान

**नारनौल।** हुडा सेक्टर एक में स्थित प्लाट नम्बर 166 में महिला मंडल हुडा सेक्टर की ओर से आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिन सोमवार को कथा वाचक ने बताया कि जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है तथा नीचे अभिमानी राक्षस बढ़ जाते है, तब प्रभु विभिन्न शरीर धारण करके सज्जनों की पीड़ा हरने के लिए पृथ्वी पर अवतरित होते हैं। भगवान के अवतार लेने का कारण जय विजय को श्राप, वृंदा जी का श्राप, जब नारद जी को मोह हुआ तो नारद जी ने भी प्रभु को श्राप दिया तथा रावण का उद्धार करने के लिए भगवान इस पृथ्वी पर अवतार लेकर के आए। राघवेंद्र सरकार का जन्म उत्सव मनाया गया। आचार्य रोहित मिश्रा ने बताया कि संगीतमय श्रीराम कथा 23 दिसंबर तक हर रोज जारी रहेगी।